दिनांकः 17.07.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा–आने वाले 100 वर्ष सहकारिता के वर्ष होगें– देश में 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े।
- प्रदेश के दो शहरी निकायों ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में पुरस्कार हासिल किये–डूंगरपुर छोटे शहरों की श्रेणी में देशभर में चौथे स्थान पर।
- राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर भारी बरसात–रामगंजमण्डी में सबसे अधिक 18 सेंटीमीटर पानी बरसा।
- वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होगें।

000

केन्द्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा है कि सहकारिता का देश के विकास में बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि आने वाले 100 वर्ष सहकारिता के वर्ष हैं। श्री शाह ने आज जयपुर के पास दादिया गांव में आयोजित सहकारिता तथा रोजगार उत्सव को सम्बोधित करते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में साढे आठ लाख सहकारी समितियों के माध्यम से 31 करोड़ लोग सहकारिता से जुड़े हुए हैं।

--------------------

श्री शाह ने कहा कि राजस्थान का देश के कृषि विकास में बड़ा सहयोग है। ग्वार, सरसों, बाजरा और मोटे अनाज के उत्पादन में राजस्थान देश में पहले नम्बर पर है।

----------------------

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने, महिलाओं और छोटे उद्यमियों को सशक्त बनाने तथा विकास सुनिश्चित करने में सहकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका है। श्री शर्मा ने सभी से सरकारी योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की। केन्द्रीय मंत्री अमित शाह ने समारोह में सहकारिता के क्षेत्र में विभिन्न योजनाओं और ढांचागत सुविधाओं का शुभारंभ किया। इनमें अन्नभंडारण योजना के तहत 24 गोदाम और श्री अन्न के प्रोत्साहन के लिए 64 मिलेट्स आउटलेट्स का लोकार्पण शामिल है। गौपाल क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 1 हजार 400 लाभार्थियों को 12 करोड़ रुपये के ऋण वितरण के साथ ही दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों को 2 हजार से ज्यादा माइक्रो एटीएम सौंपे।
श्री शाह ने श्वेत क्रांति 2.0 पीडीसीएस ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्लेटफॉर्म को लॉन्च किया। उन्होंने थानों, सशस्त्र बलों, ट्रूप कैरियर तथा प्रशिक्षण के लिए सौ नए पुलिस वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना किया। केन्द्रीय मंत्री ने इस अवसर पर आठ हजार से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र भी सौंपे। विभिन्न जिलों में जिला स्तरीय सहकार और रोजगार उत्सव आयोजित किये गये।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि स्वच्छता देश की सांस्कृतिक चेतना का आधार है। नई दिल्ली में आज आयोजित समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने ये बात कही। उन्होंने स्वच्छ भारत मिशन के तहत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों की सराहना की।
राजस्थान के दो नगर निकायों ने दो पुरस्कार हासिल किये हैं। डूंगरपुर ने 20 हजार से 50 हजार जनसंख्या वाले छोटे शहरों की श्रेणी में चौथा पुरस्कार प्राप्त किया है। नगरीय विकास, स्वायत्त शासन तथा आवासन मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने ये पुरस्कार ग्रहण किया। इस मौके पर डूंगरपुर नगर परिषद सभापति अमृत कलासुआ और आयुक्त सांवरमल आबासरा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के बाद मीडिया से बातचीत में श्री खर्रा

ने कहा कि लोग सहयोग करें तो प्रदेश स्वच्छता के नये आयाम छू सकता है। उन्होंने लोगों से स्वच्छता को जन आन्दोलन बनाने की अपील की।

------------------

हमारे संवाददाता ने बताया कि राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में डूंगरपुर पिछले पांच साल से लगातार अलग–अलग श्रेणी में पुरस्कृत होता रहा है। शहर में स्वच्छता के क्षेत्र में विभिन्न नवाचार किये गये हैं।

-----------------

नगर निगम जयपुर ग्रेटर को स्टेट मिनिस्टिरियल श्रेणी में पुरस्कार मिला है। निगम ने देशभर में 16वां स्थान हासिल किया है। मेयर सौम्या गुर्जर ने ये पुरस्कार ग्रहण किया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने उच्च शिक्षण संस्थाओं में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर जोर दिया है। श्री बागड़े आज राजभवन में विश्वविद्यालयों के नेक एक्रीडेशन और उच्च शिक्षा में गुणवत्ता के संबंध में विशेष समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने एक वर्ष पहले राज्य में सभी विश्वविद्यालयों के नेक एक्रीडेशन के लिए हुई पहल की चर्चा करते हुए कहा कि राजस्थान विश्वविद्यालय को इसमें सफलता मिली है। जल्द दूसरे विश्वविद्यालय भी इस सम्बन्ध में निर्धारित औपचारिकताएं पूरी कर आगे बढ़ने का प्रयास करें। बैठक में उच्च और तकनीकी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव कुलदीप रांका ने प्रदेश में विश्वविद्यालय शिक्षा की स्थिति और नेक रैंकिंग के बारे में प्रस्तुतिकरण दिया।

000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में तेज बरसात का सिलसिला जारी है। कुछ स्थानों पर भारी बरसात दर्ज की गई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार कोटा के रामगंज मण्डी में सबसे अधिक 18 सेंटीमीटर बरसात रिकॉर्ड हुई। इससे कई जगह पानी जमा हो गया और जनजीवन प्रभावित हुआ। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज रामगंजमण्डी में भारी बारिश से प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। श्री बिरला ने अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति को देखते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाने को कहा।

सवाईमाधोपुर जिले में अच्छी बारिश के बाद ओलवाड़ा गांव के पास बनास नदी की रपट पर 3 फुट पानी आ जाने से कई गांवों का जिला मुख्यालय से सम्पर्क टूट गया है। वहीं निगोह नदी में पानी की आवक होने से समलेह घाट पुलिया पर चादर चल रही है। भरतपुर में पांचना बांध से लगातार पानी छोड़ने से गंभीरी नदी का जल स्तर बढ गया है। राजधानी जयपुर में दिनभर रूक–रूक कर बरसात का सिलसिला चलता रहा। शहर के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। शहर के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। कोटपूतली–बहरोड़ में दोपहर बाद कई स्थानों पर मौसम में बदलाव आया और रिमझिम बरसात हुई। पाली में घंटेभर तेज बारिश हुई। भरतपुर, धौलपुर और श्रीगंगानगर से भी बरसात के समाचार हैं। मौसम विभाग ने पूर्वी क्षेत्रों में आज से भारी बारिश की गतिविधियों में बढोतरी होने की संभावना जताई है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आज कोटा और भरतपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश हो सकती है। इसी तरह कल भी इन संभागों में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने का पूर्वानुमान है।

---------------------

000

प्रदेश को हरा–भरा बनाने के लिए इन दिनों हरियालो राजस्थान अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत जगह–जगह पौध रोपण कार्यक्रम आयोजित हो रहे हैं। इसी कड़ी में आज जैसलमेर के नेतसी के सरकारी स्कूल में पौधे रोपे गये। इस अवसर पर विद्यार्थियों को पर्यावरण के महत्व के बारे में बताया गया। सवाईमाधोपुर में आज अल्लापुर, बालेर, भाडौती और सूरवाल सहित कई गांवों में स्कूलों तथा सार्वजनिक स्थानों पर पौध रोपण किया गया। पाली की पोवामा ग्राम पंचायत में राजीविका स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने पौधे लगाये। इन पौधों की जिओ टैगिंग की गई है। श्रीगंगानगर के सूरतगढ में स्थित नंदीशाला में जिला कलेक्टर ने 111 पौधे लगाये।

000

राज्य सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना–2025 के लिए ऑनलाइन आवेदन कल से शुरू होंगे। इस यात्रा के लिए लोग 10 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। 60 वर्ष से अधिक आयु के राजस्थान के मूल निवासी ही इसके पात्र होगें। इस बार एसी ट्रेन से 50 हजार तथा हवाई यात्रा से 6 हजार नागरिकों को

तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी। ट्रेन के सभी डिब्बों में राजस्थानी लोक नृत्य, लोक कलाओं और तीज त्योहारों की झलक नजर आएगी। इस बार नागरिकों को वाघा बॉर्डर का भी भ्रमण कराया जाएगा।

000

केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज नई दिल्ली में खेलो भारत सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने खेलों को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि जनता, खेल महासंघों, राज्य सरकारों और केंद्र सरकार सहित सभी हितधारकों के सामूहिक प्रयासों से भारत इसे प्राप्त कर सकता है।

000